पंजीकृत

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा
Office of the Executive Engineer , PWD, Almora Uttarakhand
E-mail :eepdalmora@rediff.com

पत्रांक 3071 /7 सी0 दिनांक 14 दिसम्बर 2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषय: **जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंतर्गत शहरफाटक से ग्राम दो घोड़िया तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.442 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 37890/2018)**

संदर्भ: **एफ0आर0सी0एम0 की बैठक दिनॉक 31.07.2023**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित एफ0आर0सी0एम0 की बैठक दिनॉक 31.07.2023 को उक्त मोटर मार्ग हेतु दिये गये निर्देशों का अनुपालन निम्नवत है:-

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग से जिन ग्रामों को लाभान्वित किया जाना है उन ग्रामों के पास दिखने वाला मार्ग पी0एम0जी0एस0वाई0, लो0नि0वि0, काठगोदाम जिला नैनीताल द्वारा निर्मित मोटर मार्ग (मौरनौला भीड़ापानी मोटर मार्ग के कि0मी0 8 से थली तक मोटर मार्ग) निर्मित है। इस मार्ग से दो घोड़िया ग्राम नहीं जुड़ा हुआ है। यदि उक्त निर्मित मोटर मार्ग से इस ग्राम को जोड़ा जाता है तो उस मार्ग की लम्बाई लगभग 4.0 कि0मी0 आयेगी। यह मार्ग को दो घोड़िया तक ले जाने में लगभग 7 हेयर पिन बैण्ड आयेंगे जिस कारण अत्यधिक मात्र में बॉज प्रजाति के वृक्ष प्रभावित होंगे।

अतः अनुरोध है कि वर्तमान में प्रस्तावित मोटर मार्ग में स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु अपने स्तर से अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

पत्रांक /7सी0 तद्दिनॉकित

प्रतिलिपि–सहायक अभियन्ता(षष्टम), प्रा0ख0, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।